# बीईएमएल भारत सरकार को अदा किया वार्षिक लाभांश

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत शेड्यूल ए कंपनी है, ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए केंद्र सरकार को रुपये 13.50 करोड़ के वार्षिक लाभांश का भुगतान किया।

आज (4 जनवरी 2021) को नई दिल्ली में संपन्न एक समारोह में, डॉ. दीपक कुमार होता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बीईएमएल द्वारा रुपये 5.62 करोड़ के मूल्यवाले अंतिम लाभांश चेक श्री राजनाथ सिंह जी, माननीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार को सौंप दिया गया। यह रूपए 7.88 करोड़ के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।




श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री ने बीईएमएल के सीएमडी डॉ. दीपक कुमार होता से लाभांश चेक प्राप्त किया। श्री राज कुमार, सचिव, रक्षा उत्पादन और श्री पुनीत अग्रवाल, संयुक्त सचिव भी दर्शित हैं।

इस अवसर पर, श्री राज कुमार, आईएएस, सचिव - रक्षा उत्पादन, श्री पुनीत अग्रवाल, संयुक्त सचिव (भूमि प्रणाली) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**बीईएमएल मीडिया रिलीज़**